इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, रविवार, 8 मार्च 2026

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

वर्ष 18 अंक 184 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12+4

तापमान - अधिकतम 33.1°C (+2.6) न्यूनतम 19.2°C(+5.4) सेंसेक्स 78,918.90 (-1097.00) निफ्टी 24,450.45 (-315.45) सोना 1,63,800 चांदी 2,85,000 मुद्रा - डालर 91.96 दिरहम 25.04 रिंगित 24.52

एरा विवि में महिला कर्मियों को किया गया सम्मानित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मियों के योगदान को मिली सराहना

लखनऊ (सं)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एरा विश्वविद्यालय में शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिला सशक्तिकरण, जागरुकता और महिला कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान को सराहा गया।

विश्वविद्यालय की प्रो-वाइस चांसलर प्रो. फरजाना महदी के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय में रूसी भाषा की प्रोफेसर एमेरिटस प्रो. सब्रा हबीब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सिंग छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर प्रस्तुत नाटक से हुई। अंग्रेजी विभाग के स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षकों के निर्देशन में छात्राओं ने प्रस्तुति के माध्यम से समाज में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके संघर्ष को प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि प्रो. सब्रा हबीब ने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने रूस में पढ़ाई के दौरान महिलाओं को आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करते हुए छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रो-वाइस चांसलर प्रो. फरजाना महदी ने अपने संबोधन में कार्यस्थल और पारिवारिक जीवन में महिलाओं के सामने आने वाली दैनिक कठिनाइयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिला स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए डॉ. तरुणा सिंह की टीम द्वारा स्तन कैंसर की प्रारंभिक पहचान और जागरूकता के लिए विशेष शिविर आयोजित करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के अंत में एरा विश्वविद्यालय और एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दस वर्ष से अधिक समय से कार्यरत महिला कर्मचारियों को उनके समर्पण और सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की प्रमुख डॉ. रूपाली मिर्जा, नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. प्रिसिला सैमसन, रजिस्ट्रार प्रो. अनु चंद्रा, उप-रजिस्ट्रार डॉ. गजाला जैदी सहित कई विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्य मौजूद रहे।